http://www.sgbauonline.com/

**AV–500**

**B.A. (Part—II) Examination**

**(Modern Indian Languages)**

**HINDI COMPULSORY**

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 70

**सूचना** :—निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. (क) दीर्घोत्तरी प्रश्न (आधारभूत पाठ्यक्रम) : 10

"भारतवर्ष का पुनरुत्थान होगा, पर वह शारीरिक शक्ति से नहीं, वरन् आत्मा की शक्ति के द्वारा।" पठित पाठ के आधार पर प्रस्तुत कथन की समीक्षा कीजिये।

**अथवा**

'नाखून का बढ़ना' मनुष्य के भीतर की पशुता की निशानी है', सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ख) लघूत्तरी प्रश्न (किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए) :— 10

(1) कार्ल मार्क्स का मानवतावादी दृष्टिकोण लिखिए।

(2) भय के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(3) प्रदूषण की समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(4) स्वतंत्रता के बाद निबंध में लेखक के साहित्य की दशा के संबंध में विचार स्पष्ट कीजिए।

2. (ग) दीर्घोत्तरी प्रश्न (भाषागत पाठ्यक्रम) :— 10

'सदाचार का ताबीज' में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

"अप्राप्त की प्राप्ति के प्रयत्न में प्राप्त को न भूलें, उसका सुख लेते रहें।" पठित निबंध के आधार पर उपरोक्त कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(घ) लघूत्तरी प्रश्न (किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए) :— 10

(1) "घुमक्कड़ का शरीर फौलाद का होना चाहिये।" सोदाहरण लिखिये।

(2) डाकू खड़गसिंह के हृदय-परिवर्तन की कथा को स्पष्ट कीजिए।

(3) समाधि भाई रामसिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(4) आइन्स्टाइन के शांति संबंधी विचारों को लिखिये।

3. निम्नलिखित कविताओं में से किन्हीं **दो** का केन्द्रीय भाव लिखिए :— 10

(1) सुख-दुख

(2) मैं मनुष्य के भविष्य से निराश नहीं

(3) उद्धव-ब्रज गमन

(4) लीक पर चलें।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

4. व्यावहारिक भाषा एवं व्याकरण :--

(अ) गंगा हमारे जीवन की धारा है, इसी में मर कर भी, राख होकर भी हम इसमें प्रवाहित होना चाहते हैं कि गंगा में विलयन ही जीवन की चरम सार्थकता है, गंगा में विलयन ही परार्थ है। गंगा नहीं मिलती तो किसी भी नदी को गंगा कह लेते हैं, दूर कम्बोज और चम्पा के लोगों ने अपने देश की विशाल नदी को मे-काङ अर्थात् 'माँ गंगा' नाम दिया है। नदी भी नहीं मिलेगी तो किसी जल में स्नान करते समय जय गंगे कहकर गंगा का स्मरण कर लेते हैं, क्योंकि यह स्मरण ही जीने का प्रयोजन देता है, पर-दुःख निवारण के लिए जियो, तरण-तारण बनने के लिए जियो और न रुकने के लिए सतत चलने के लिए जियो, यही लालसा पालते हुए जियो कि अन्तिम क्षण में गंगा ही दिखे, गंगा ही साँसों में भरें। 5

(ब) निम्नलिखित का कल्पना-विस्तार कीजिये -- 5

अधजल गगरी छलकत जाए।

**अथवा**

करत-करत अभ्यास ते, जडमति होत सुजान।

(क) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **तीन** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- 3

(1) आँखें खुलना

(2) कान फूँकना

(3) नाक में दम करना

(4) हाथ मलना

(5) पीठ दिखाना

(6) काला अक्षर भैंस बराबर।

(ड) निम्नलिखित लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :-- 2

(1) अंधेर नगरी चौपट राजा।

(2) अपनी-अपनी डफली, अपना-अपना राग।

(3) आम का आम और गुठली के दाम।

(4) चट मंगनी पट ब्याह।

(य) अग्नि में हुई क्षतिपूर्ति हेतु बीमा कंपनी को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

वार्ड की सफाई हेतु सफाई निरीक्षक को पत्र लिखिए।



http://www.sgbauonline.com/